तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	गुमाना राम **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर, शहर–प्रथम) जोधपुर** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353783091585971	
10/12/25	अपीलार्थी गुमाना राम निवासी नावोरा बेरा, बस स्टैण्ड के पास, घोरो, पीपाड रोड, जोधपुर द्वारा **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर, शहर–प्रथम) जोधपुर** को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 06.10.2025 न्यायालयों के स्थगन आदेशों के बावजूद मूल खसरा नं. 637 (1236/637 और 1150/637) पर अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाने व अन्य बिन्दूओं के संबंध में सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर, शहर–प्रथम) जोधपुर** को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर, शहर–प्रथम) जोधपुर** से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर, शहर–प्रथम) जोधपुर** को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.12.10 12:28:40 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19298059